समालखा/ पानीपत। बच्चों में रचनात्मकता की कमी नहीं है। बच्चे आउट ऑफ द बॉक्स सोचते हैं। यह शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों की प्रतिभा को पहचानें। उन्हें उचित अवसर और मंच प्रदान करें। इसलिए समय-समय पर जिला शिक्षा अधिकारियों का भी प्रशिक्षित होना आवश्यक है। यह बात अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) की सचिव प्रो.श्यामा रथ ने कही। वह यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में संबोधित कर रही थीं। पाइट में शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) के संयुक्त तत्वावधान में इनोवेशन डिजाइन एवं इंटरप्रन्योरशिप पर दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशाप संपन्न हुई। हरियाणा के जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया। प्रो.श्यामा रथ ने कहा कि हमें सोसाइटी के लिए काम करना है। सोसाइटी को सशक्त बनाना है। अपने बच्चों में उद्यमिता का गुण विकसित करना है। यह इनोवेशन के माध्यम से ही संभव होगा। ये हमें सोचना है कि बच्चे को किस तरह पढ़ाया और प्रशिक्षित किया जाए। इनोवेशन सेल की ओर से फ्रेम वर्क दिया जा रहा है। सभी को मिलकर कॉमन गोल की दिशा में आगे बढ़ना है। सरकार की पॉलिसी के बारे में सभी को जागरूक होना चाहिए। एससीईआरटी के संयुक्त निदेशक सुनील बजाज ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी ज्यादा बड़ी है। वे शिक्षकों को प्रेरित करें। इनोवेशन से इंटरप्रन्योरशिप की तरफ कैसे बढ़ना है, इसके बारे में सोचें।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 08.11.2025

बच्चों की प्रतिभा को पहचानें : प्रो. श्यामा

समालखा (वि)। बच्चों में रचनात्मकता की कमी नहीं है। यह शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों की प्रतिभा को पहचानें। उन्हें उचित अवसर और मंच प्रदान करें। यह बात अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) की सचिव प्रो. श्यामा रथ ने कहीं। वह यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में संबोधित कर रही थीं। पाइट में शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) के संयुक्त तत्वावधान में इनोवेशन डिजाइन एवं इंटरप्रन्योरशिप पर दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशाप संपन्न हुई। पाइट के निदेशक डॉ. शक्ति कुमार ने कहा कि एजुकेशन 4.0 से औद्योगिक क्रांति संभव है।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 07.11.2025

पाइट में दो दिवसीय राष्ट्रीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप, एआइसीटीई और मंत्रालयों के अधिकारियों ने किया प्रेरित

विनोद लाहोट/हरियाणा वार्ता

समालखा,6 नवंबर। इनोवेशन से ही स्टार्टअप की राह खुलेगी। हमें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ना है। स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई के दौरान आउट ऑफ द बॉक्स सोचना सिखाएं। उन्हें नया करने दें। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षक भी अपडेट हों। वे भी स्किल सीखें। यह बात अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) में इनोवेशन सेल के सहायक निदेशक डॉ. एलंगोवन करियप्पन ने कही। पाइट में शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) के संयुक्त तत्वावधान में इनोवेशन डिजाइन एवं इंटरप्रन्योरशिप पर दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशाप का शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के सदस्यों के लिए आयोजित की गई।

डॉ. एलंगोवन करियप्पन ने कहा कि नवाचारी सोच विकसित होने से विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना बढ़ेगी। यदि विद्यार्थियों की सोच और दृष्टिकोण में परिवर्तन लाया जाए, तो विद्यालय भविष्य के इनोवेशन के सशक्त केंद्र बन सकते हैं। सभी सदस्यों को पाइट के इन्क्यूबेशन सेंटर में प्रशिक्षण भी लिया। इनोवेशन सेल के रीजनल कोऑर्डिनेटर म्यूर मधुकर बोरकर ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप शिक्षण अधिकारियों की क्षमता को सशक्त करना है। ताकि वे नवाचार, रचनात्मकता और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में अपनी दक्षता बढ़ा सकें। यह बूटकैंप वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से किया गया है। उन्होंने मंत्रालय की योजनाओं एवं पेटेंट के बारे में जागरूक किया। वाधवानी ग्रुप से नीलम सक्सेना व गीता संजय ने स्कूल शिक्षा, इनोवेशन व उद्यमिता पर जागरूक किया। पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने कहा कि नवाचार से ही तरक्की संभव है। भारत इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डॉ.बीबी शर्मा, नोडल सेंटर कोऑर्डिनेटर डॉ.शक्ति अरोड़ा ने उद्यमिता और इनोवेशन को एक ही सिक्के के दो पहलू बताया। दोनों के बिना विकास संभव नहीं है।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 07.11.2025

पानीपत

आज समाज
पानीपत, शुक्रवार, 07 नवंबर, 2025

03

पाइट में कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप, एआइसीटीई और मंत्रालयों के अधिकारियों ने किया प्रेरित

आज समाज नेटवर्क

समालखा/पानीपत। इनोवेशन से ही स्टार्टअप की राह खुलेगी। हमें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ना है। स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई के दौरान आउट ऑफ द बॉक्स सोचना सिखाएं। उन्हें नया करने दें। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षक भी अपडेट हों। वे भी स्किल सीखें। यह बात अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) में इनोवेशन सेल के सहायक निदेशक डॉ. एलंगोवन करियप्पन ने कही। पाइट में शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) के संयुक्त तत्वावधान में इनोवेशन डिजाइन एवं इंटरप्रन्योरशिप पर दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशाप का शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के सदस्यों के लिए आयोजित की गई। डॉ. एलंगोवन करियप्पन ने कहा कि नवाचारी सोच विकसित होने से विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना बढ़ेगी। यदि विद्यार्थियों की सोच और दृष्टिकोण में परिवर्तन लाया जाए, तो विद्यालय भविष्य के इनोवेशन के सशक्त केंद्र बन सकते हैं। सभी सदस्यों को पाइट के इन्क्यूबेशन सेंटर में प्रशिक्षण भी लिया। इनोवेशन सेल के रीजनल कोऑर्डिनेटर म्यूर मधुकर बोरकर ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप शिक्षण अधिकारियों की क्षमता को सशक्त करना है। ताकि वे नवाचार, रचनात्मकता और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में अपनी दक्षता बढ़ा सकें। यह बूटकैंप वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से किया गया है। उन्होंने मंत्रालय की योजनाओं एवं पेटेंट के बारे में जागरूक किया। वाधवानी ग्रुप से नीलम सक्सेना व गीता संजय ने स्कूल शिक्षा, इनोवेशन व उद्यमिता पर जागरूक किया। पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने कहा कि नवाचार से ही तरक्की संभव है। भारत इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डॉ.बीबी शर्मा, नोडल सेंटर कोऑर्डिनेटर डॉ.शक्ति अरोड़ा ने उद्यमिता और इनोवेशन को एक ही सिक्के के दो पहलू बताया। दोनों के बिना विकास संभव नहीं।

सच कहूँ
epaper.sachkahoon.com
07 Nov 2025 - Page 13

स्टार्टअप की राह इनोवेशन से खुलेगी: डॉ. एलंगोवन

- पाइट में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप
- एआईसीटीई अधिकारियों ने नवाचार और उद्यमिता को बताया विकास की कुंजी

समालखा (सच कहूँ न्यूज)। इनोवेशन और नवाचारी सोच ही स्टार्टअप एवं स्व-रोजगार की दिशा में नए अवसर उत्पन्न कर सकती है। यह बात अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के इनोवेशन सेल के सहायक निदेशक डॉ. एलंगोवन करियप्पन ने पाइट में आयोजित दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप के शुभारंभ अवसर पर कही। शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, व एआईसीटीई के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यशाला जिला शिक्षा अधिकारियों एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के सदस्यों के लिए आयोजित की गई।

डॉ. एलंगोवन ने कहा कि छात्रों को 'आउट ऑफ द बॉक्स' सोचने के लिए प्रेरित करना जरूरी है। शिक्षक भी खुद को अपडेट रखें और नई स्किल सीखें, ताकि वे विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना विकसित कर सकें। उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थी नवाचार की दिशा में सोचेंगे, तो विद्यालय भविष्य के इनोवेशन केंद्र बन सकेंगे।

एआईसीटीई इनोवेशन सेल के रीजनल कोऑर्डिनेटर म्यूर मधुकर बोरकर ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना को आगे बढ़ाते हुए शिक्षण अधिकारियों की क्षमता को सशक्त करना है। यह बूटकैंप वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया। वाधवानी ग्रुप की नीलम सक्सेना व गीता संजय ने स्कूल शिक्षा, इनोवेशन और उद्यमिता पर जागरूकता सत्र लिया।

पाइट निदेशक डॉ. शक्ति कुमार ने कहा कि नवाचार से ही तरक्की संभव है। भारत तेजी से इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डॉ. बी.बी. शर्मा और नोडल सेंटर कोऑर्डिनेटर डॉ. शक्ति अरोड़ा ने इनोवेशन और उद्यमिता को विकास के दो महत्वपूर्ण पहलू बताया।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 07.11.2025

पाइट में कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप, एआइसीटीई और मंत्रालयों के अधिकारियों ने किया प्रेरित

सवेरा न्यूज/रतन लाल

समालखा, 6 नवम्बर : इनोवेशन से ही स्टार्टअप की राह खुलेगी। हमें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ना है। स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई के दौरान आउट ऑफ द बॉक्स सोचना सिखाएं। उन्हें नया करने दें। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षक भी अपडेट हों। वे भी स्किल सीखें। यह बात अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद में इनोवेशन सेल के सहायक निदेशक डॉ. एलंगोवन करियप्पन ने कही। पाइट में शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में इनोवेशन डिजाइन एवं इंटरप्रन्योरशिप पर दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशाप का शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सदस्यों के लिए आयोजित की गई। सभी सदस्यों को पाइट के इन्क्यूबेशन सेंटर में प्रशिक्षण भी लिया। इनोवेशन सेल के रीजनल कोऑर्डिनेटर म्यूर मधुकर बोरकर ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप शिक्षण अधिकारियों की क्षमता को सशक्त करना है। पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने कहा कि नवाचार से ही तरक्की संभव है। सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डॉ.बीबी शर्मा, नोडल सेंटर कोऑर्डिनेटर डॉ.शक्ति अरोड़ा ने उद्यमिता और इनोवेशन को एक ही सिक्के के दो पहलू बताया। दोनों के बिना विकास संभव नहीं।

पाइट में वक्ताओं का स्वागत करते आयोजक।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 07.11.2025

पाइट कॉलेज में कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप हुई आयोजित

वर्कशॉप को संबोधित करते हुए। (राकेश)

पाइट कॉलेज में वाइस चेयरमैन व अन्य मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए। (राकेश)

■ ए.आई.सी.टी.ई. व मंत्रालयों के अधिकारियों ने किया प्रेरित

समालखा, 6 नवम्बर (राकेश): इनोवेशन से ही स्टार्टअप की राह खुलेगी। हमें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ना है। स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई के दौरान आऊट ऑफ द बॉक्स सोचना सिखाएं। उन्हें नया करने दें।

इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षक भी अपडेट हों। वे भी स्किल सीखें। यह बात अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (ए.आई.सी.टी.ई.) में इनोवेशन सैल के सहायक निदेशक डॉ. एलंगोवन करियप्पन ने कहीं। पाइट में शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सैल, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (ए.आई.सी.टी.ई.) के संयुक्त तत्वावधान में इनोवेशन डिजाइन एवं एंटरप्रेन्योरशिप पर 2 दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशाप का शुभारंभ हुआ।

यह कार्यशाला जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के सदस्यों के लिए आयोजित की गई।

इस अवसर पर डॉ. एलंगोवन करियप्पन ने कहा कि नवाचारी सोच विकसित होने से विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना बढ़ेगी। यदि विद्यार्थियों की सोच और दृष्टिकोण में परिवर्तन लाया जाए, तो विद्यालय भविष्य के इनोवेशन के सशक्त केंद्र बन सकते हैं। सभी सदस्यों को पाइट के इन्क्यूबेशन सैंटर में प्रशिक्षण भी लिया। इनोवेशन सैल के रीजनल को-ऑर्डिनेटर म्यूर मधुकर बोरकर ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप शिक्षण अधिकारियों की क्षमता को सशक्त करना है ताकि वे नवाचार, रचनात्मकता और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में अपनी दक्षता बढ़ा सकें।

उन्होंने मंत्रालय की योजनाओं एवं पेटैंट के बारे में जागरूक किया। वाधवानी ग्रुप से नीलम सक्सेना व गीता संजय ने स्कूल शिक्षा, इनोवेशन व उद्यमिता पर जागरूक किया।

सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डॉ. बीबी शर्मा, नोडल सैंटर को-ऑर्डिनेटर डॉ. शक्ति अरोड़ा ने उद्यमिता और इनोवेशन को एक ही सिक्के के दो पहलू बताया। दोनों के बिना विकास संभव नहीं।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 07.11.2025

इनोवेशन से ही स्टार्टअप की राह खुलेगी

■ पाइट में कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप, विद्यार्थियों को स्वरोजगार का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

समालखा। एआइसीटीई के डॉ. एलंगोवन करियप्पन को सम्मानित करते हुए पाइट प्रशासन। *फोटो : हरिभूमि*

इनोवेशन से ही स्टार्टअप की राह खुलेगी। हमें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ना है। स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई के दौरान आउट ऑफ द बॉक्स सोचना सिखाएं। उन्हें नया करने दें। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षक भी अपडेट हों। वे भी स्किल सीखें। यह बात अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) में इनोवेशन सेल के सहायक निदेशक डॉ. एलंगोवन करियप्पन ने कही। पाइट में शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) के संयुक्त तत्वावधान में इनोवेशन डिजाइन एवं इंटरप्रन्योरशिप पर दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशाप का शुभारंभ हुआ। वहीं, डॉ. करियप्पन ने कहा कि नवाचारी सोच विकसित होने से विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना बढ़ेगी। यदि विद्यार्थियों की सोच और दृष्टिकोण में परिवर्तन लाया जाए, तो विद्यालय भविष्य के इनोवेशन के सशक्त केंद्र बन सकते हैं। सभी सदस्यों को पाइट के इन्क्यूबेशन सेंटर में प्रशिक्षण भी लिया। वहीं, इनोवेशन सेल के रीजनल कोऑर्डिनेटर म्यूर मधुकर बोरकर, वाधवानी ग्रुप से नीलम सक्सेना व गीता संजय ने स्कूल शिक्षा, इनोवेशन व उद्यमिता विषयों पर जागरूक किया।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

दैनिक भास्कर

पानीपत भास्कर 05-11-2025

एआई से पढ़ेंगे बच्चे, आतंकी हमले को रोकेगा सुरक्षा व्यूह

समालखा | एआई से आपके बच्चों की प्रतिभा का पता चलेगा। एआई ही निर्धारित करेगा कि बच्चे को किस क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहिए। इसी तरह एआई के माध्यम से देश में आतंकी हमलों को रोका जा सकता है। ये प्रोजेक्ट पाइट कॉलेज में नेशनल स्पर्धा आइडिया थॉन में स्कूली बच्चों ने दिखाए। सौ से अधिक स्कूलों के बच्चों ने इसमें भाग लिया। स्टार्टअप हरियाणा से विशाल शर्मा, इ सॉल्यूशन कंपनी के सीईओ डॉ. गौरव मित्तल ने बच्चों को प्रेरित किया। पाइट के निदेशक डॉ. शक्ति कुमार ने कहा कि इनोवेशन से ही आर्थिक तरक्की के रास्ते खुलेंगे। वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि बच्चों ने ऐसे प्रोजेक्ट बनाए हैं, जिन्हें देखकर लगता है कि निश्चित ही हमारे स्टार्टअप सफल होंगे। हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, शुभम तायल, डीन डॉ. बीबी शर्मा, राजीव गुलाटी ने बच्चों को पुरस्कृत किया।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 5.11.2025

ए.आई. से पढ़ेंगे बच्चे, आतंकी हमले को रोकेगा सुरक्षा व्यूह

पाइट में स्पर्धा आइडियाथॉन, डी.ए.वी. सोनीपत ने जीता प्रथम पुरस्कार

समालखा, 4 नवम्बर (राकेश): ए.आई. से आपके बच्चों की प्रतिभा का पता चलेगा। ए.आई. ही निर्धारित करेगा कि बच्चे को किस क्षेत्र में करिअर बनाना चाहिए। इसी तरह ए.आई. के माध्यम से देश में आतंकी हमलों को रोका जा सकता है। ये प्रोजैक्ट यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में नेशनल स्पर्धा आइडियाथॉन में स्कूली बच्चों ने दिखाए। 100 से अधिक स्कूलों ने इसमें भाग लिया।

स्टार्टअप हरियाणा से विशाल शर्मा, इ सॉल्यूशन कंपनी के सीईओ डॉ.गौरव मित्तल ने बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने कहा कि इनोवेशन से ही आर्थिक तरक्की के रास्ते खुलेंगे। अमरीका और चीन अगर सबसे आगे हैं तो इसकी वजह इनोवेशन है। आने वाला समय भारत का है। भारतीय युवा अपनी प्रतिभा से दुनिया को चकित कर रहे हैं।

पाइट कॉलेज में विजेताओं को सम्मानित किए जाने का दृश्य। (राकेश)

ए.आई. से क्लास की मॉनिटरिंग

ए.आई. से क्लास की मॉनिटरिंग होगी। पाइट स्कूल के बच्चों ने ऐसा प्रोजैक्ट बनाया, जिससे कैमरा ये बता देगा कि बच्चे का क्लास पर कितना फोकस है। अंबाला स्कूल की टीम ने सुरक्षा व्यूह बनाया। किसी जगह अगर गोलीबारी होगी तो सेना और पुलिस तक सूचना पहुंच जाएगी। पहलगाम जैसे आतंकी हमले को नाकाम किया जा सकेगा।

वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि बच्चों ने ऐसे प्रोजैक्ट बनाए हैं, जिन्हें देखकर लगता है कि निश्चित ही हमारे स्टार्टअप सफल होंगे। बच्चे सबसे बेहतर रचनात्मक तरीके से सोच सकते हैं। साइबर सिक्योरिटी एवं स्टार्टअप सेल की अध्यक्ष डॉ.शक्ति अरोड़ा ने बताया कि लगातार चौथे साल स्पर्धा आइडियाथॉन किया गया है। देशभर के बच्चों की प्रतिभा को मंच दिया जा रहा है। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डॉ.बीबी शर्मा, राजीव गुलाटी ने भी बच्चों को पुरस्कृत किया।

सोनीपत डीएवी मल्टीपर्पस स्कूल की टीम ने पहला इनाम जीता। हिमांक और शुभम ने ए.आई. आधारित ऐसा प्रोजैक्ट बनाया है, जिससे बच्चे की प्रतिभा का पता चलेगा। इसके बाद उसे अनुरूप शिक्षा दी जाएगी। इसी तरह इसी स्कूल के बच्चों ने आंवले के पौधे में होने वाले रोग के इलाज के तरीके बताए। ए.आई. से पौधे को ठीक किया जा सकता है। फोटो देखकर ही रोग, कारण और इलाज का पता चल जाएगा।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 5.11.2025

एआइ से पढ़ेंगे बच्चे, आतंकी हमले को रोकेगा सुरक्षा व्यूह

टीम एक्शन इंडिया

समालखा - 4 नवंबर (संजय नरवाल) एआइ से आपके बच्चों की प्रतिभा का पता चलेगा। एआइ ही निर्धारित करेगा कि बच्चे को किस क्षेत्र में करिअर बनाना चाहिए। इसी तरह एआइ के माध्यम से देश में आतंकी हमलों को रोका जा सकता है। ये प्रोजेक्ट यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में नेशनल स्पर्धा आइडियाथॉन में स्कूली बच्चों ने दिखाए। सौ से अधिक स्कूलों ने इसमें भाग लिया। स्टार्टअप हरियाणा से विशाल शर्मा, इ सॉल्यूशन कंपनी के सीईओ डॉ.गौरव मित्तल ने बच्चों को प्रेरित किया।

पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने कहा कि इनोवेशन से ही आर्थिक तरक्की के रास्ते खुलेंगे। अमेरिका और चीन अगर सबसे आगे हैं तो इसकी वजह इनोवेशन है। आने वाला समय भारत का है। भारतीय युवा अपनी प्रतिभा से दुनिया को चकित कर रहे हैं। वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि बच्चों ने ऐसे प्रोजेक्ट बनाए हैं, जिन्हें देखकर लगता है कि निश्चित ही हमारे स्टार्टअप सफल होंगे। बच्चे सबसे बेहतर रचनात्मक तरीके से सोच सकते हैं। साइबर सिक्योरिटी एवं स्टार्टअप सेल की अध्यक्ष डॉ.शक्ति अरोड़ा ने बताया कि लगातार चौथे साल स्पर्धा आइडियाथॉन किया गया है। देशभर के बच्चों की प्रतिभा को मंच दिया जा रहा है। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डॉ.बीबी शर्मा, राजीव गुलाटी ने भी बच्चों को पुरस्कृत किया।

एआइ पहचानेगा प्रतिभा

सोनीपत डीएवी मल्टीपर्पस स्कूल की टीम ने पहला इनाम जीता। हिमांक और शुभम ने एआइ आधारित ऐसा प्रोजेक्ट बनाया है, जिससे बच्चे की प्रतिभा का पता चलेगा।

इसके बाद उसे अनुरूप शिक्षा दी जाएगी। इसी तरह इसी स्कूल के बच्चों ने आंवले के पौधे में होने वाले रोग के इलाज के तरीके बताए। एआइ से पौधे को ठीक किया जा सकता है। फोटो देखकर ही रोग, कारण और इलाज का पता चल जाएगा।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 5.11.2025

पाइट में स्पर्धा आइडियाथॉन, डीएवी सोनीपत ने जीता प्रथम पुरस्कार

एआई से पढ़ेंगे बच्चे, आतंकी हमले को रोकेगा सुरक्षा व्यूह

समालखा, 4 नवंबर(निस)

सेना के

एआई से क्लास की मॉनीटरिंग होगी। पाइट स्कूल के बच्चों ने ऐसा प्रोजेक्ट बनाया, जिससे कैमरा ये बता देगा कि बच्चे का क्लास पर कितना फोकस है। अंबाला स्कूल की टीम ने सुरक्षा व्यूह बनाया। किसी जगह अगर गोलीबारी होगी तो सेना और पुलिस तक सूचना पहुंच जाएगी। पहलगाम जैसे आतंकी हमले को नाकाम किया जा सकेगा।

एआई से आपके बच्चों की प्रतिभा का पता चलेगा। एआई ही निर्धारित करेगा कि बच्चे को किस क्षेत्र में करिअर बनाना चाहिए। इसी तरह एआई के माध्यम से देश में आतंकी हमलों को रोका जा सकता है।

ये प्रोजेक्ट यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में नेशनल स्पर्धा आइडियाथॉन में स्कूली बच्चों ने दिखाए।

सौ से अधिक स्कूलों ने इसमें भाग लिया। सोनीपत डीएवी मल्टीपर्पस स्कूल की टीम ने पहला इनाम जीता। हिमांक और शुभम ने एआई आधारित ऐसा प्रोजेक्ट बनाया है, जिससे बच्चे की प्रतिभा का पता चलेगा। इसके बाद उसे अनुरूप शिक्षा दी जाएगी।

इसी तरह इसी स्कूल के बच्चों ने आंवले के पौधे में होने वाले रोग के इलाज के तरीके बताए। एआई से पौधे को ठीक किया जा सकता है। फोटो देखकर ही रोग, कारण और इलाज का पता चल जाएगा। स्टार्टअप हरियाणा से विशाल शर्मा, ई सॉल्यूशन कंपनी के सीईओ डॉ. गौरव मित्तल ने बच्चों को प्रेरित किया। पाइट के निदेशक डॉ. शक्ति कुमार ने कहा कि इनोवेशन से ही आर्थिक तरक्की के रास्ते खुलेंगे।

अमेरिका और चीन अगर सबसे आगे हैं तो इसकी वजह इनोवेशन है। आने वाला समय भारत का है। भारतीय युवा अपनी प्रतिभा से दुनिया को चकित कर रहे हैं। वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि बच्चों ने ऐसे प्रोजेक्ट बनाए हैं, जिन्हें देखकर लगता है कि निश्चित ही हमारे स्टार्टअप सफल होंगे।

बच्चे सबसे बेहतर रचनात्मक तरीके से सोच सकते हैं। साइबर सिक्योरिटी एवं स्टार्टअप सैल की अध्यक्ष डॉ. शक्ति अरोड़ा ने बताया कि लगातार चौथे साल स्पर्धा आइडियाथॉन किया गया है। देशभर के बच्चों की प्रतिभा को मंच दिया जा रहा है।

पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डॉ. बीबी शर्मा, राजीव गुलाटी ने भी बच्चों को पुरस्कृत किया।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

पानीपत

आज समाज
पानीपत, बुधवार, 05 नवंबर , 2025

03

एआइ से पढ़ेंगे बच्चे, आतंकी हमले को रोकेगा सुरक्षा व्यूह

आज समाज नेटवर्क

समालखा/पानीपत। एआइ से आपके बच्चों की प्रतिभा का पता चलेगा। एआइ ही निर्धारित करेगा कि बच्चे को किस क्षेत्र में करिअर बनाना चाहिए। इसी तरह एआइ के माध्यम से देश में आतंकी हमलों को रोका जा सकता है। ये प्रोजेक्ट यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में नेशनल स्पर्धा आइडियाथॉन में स्कूली बच्चों ने दिखाए। सौ से अधिक स्कूलों ने इसमें भाग लिया। स्टार्टअप हरियाणा से विशाल शर्मा, इसॉल्यूशन कंपनी के सीईओ डॉ.गौरव मित्तल ने बच्चों को प्रेरित किया।

पाइट में स्पर्धा आइडियाथॉन, डीएवी सोनीपत ने जीता प्रथम पुरस्कार

पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने कहा कि इनोवेशन से ही आर्थिक तरक्की के रास्ते खुलेंगे। अमेरिका और चीन अगर सबसे आगे हैं तो इसकी वजह इनोवेशन है। आने वाला समय भारत का है। भारतीय युवा अपनी प्रतिभा से दुनिया को चकित कर रहे हैं। वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि बच्चों ने ऐसे प्रोजेक्ट बनाए हैं, जिन्हें देखकर लगता है कि निश्चित ही हमारे स्टार्टअप सफल होंगे। बच्चे सबसे बेहतर रचनात्मक तरीके से सोच सकते हैं। साइबर सिक्योरिटी एवं स्टार्टअप सेल की अध्यक्ष डॉ.शक्ति अरोड़ा ने बताया कि लगातार चौथे साल स्पर्धा आइडियाथॉन किया गया है। देशभर के बच्चों की प्रतिभा को मंच दिया जा रहा है। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डॉ.बीबी शर्मा, राजीव गुलाटी ने भी बच्चों को पुरस्कृत किया।

एआइ पहचानेगा प्रतिभा

सोनीपत डीएवी मल्टीपर्पस स्कूल की टीम ने पहला इनाम जीता। हिमांक और शुभम ने एआइ आधारित ऐसा प्रोजेक्ट बनाया है, जिससे बच्चे की प्रतिभा का पता चलेगा। इसके बाद उसे अनुरूप शिक्षा दी जाएगी। इसी तरह इसी स्कूल के बच्चों ने आंवले के पौधे में होने वाले रोग के इलाज के तरीके बताए। एआइ से पौधे को ठीक किया जा सकता है। फोटो देखकर ही रोग, कारण और इलाज का पता चल जाएगा।

एआइ से क्लास की मॉनिटरिंग

एआइ से क्लास की मॉनिटरिंग होगी। पाइट स्कूल के बच्चों ने ऐसा प्रोजेक्ट बनाया, जिससे कैमरा ये बता देगा कि बच्चे का क्लास पर कितना फोकस है। अंबाला स्कूल की टीम ने सुरक्षा व्यूह बनाया। किसी जगह अगर गोलीबारी होगी तो सेना और पुलिस तक सूचना पहुंच जाएगी। पहलगाम जैसे आतंकी हमले को नाकाम किया जा सकेगा।

OTHER 04.11.2025

गाय के लिए पहली रोटी के साथ सोच भी पहले रखें

समालखा 3 नवम्बर (संजय नरवाल)

गाय के लिए हमारी संस्कृति में पहली रोटी निकालने की परंपरा है। इसके साथ ही अपनी सोच को भी गाय के लिए पहले ही रखें। गाय हमारी संस्कृति का आधार है। यह बात सेवा से अनुसंधान, अनुसंधन से समृद्धि विषय पर आयोजित पैनल डिस्क्शन में कही गई। पाइट कॉलेज में कामधेनु अनुसंधान ट्रस्ट ने यह प्रेरित पहल की। गो सेवा गतिविधि के प्रांत संयोजक महेंद्र कंसल एवं मुरथल से पधारे राष्ट्र संत स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने गाय का महत्व बताया। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल ने कहा कि कामधेनु अनुसंधान ट्रस्ट के माध्यम से स्टार्टअप शुरू

करने की योजना है। छात्र-छात्राएं एवं ट्रस्ट के सदस्य आसपास की गोशालाओं के लिए काम करेंगे। महेंद्र कंसल ने कहा कि गाय हमारी पूजनीय है। हम गाय को माता का दर्जा देते हैं। जब तक हमारी सोच में बदलाव नहीं होगा, तब तक हम गोसुरक्षा नहीं कर पाएंगे। गोशालाओं को भी आर्थिक रूप से विकसित करना होगा। स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने भी अपने विचार रखे।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

पानीपत

आज समाज

पानीपत, मंगलवार 04 नवंबर, 2025

03

गाय के लिए पहली रोटी के साथ सोच भी पहले रखें

आज समाज नेटवर्क

समालखा/पानीपत। गाय के लिए हमारी संस्कृति में पहली रोटी निकालने की परंपरा है। इसके साथ ही अपनी सोच को भी गाय के लिए पहले ही रखें। गाय हमारी संस्कृति का आधार है। यह बात सेवा से अनुसंधान, अनुसंधन से समृद्धि विषय पर आयोजित पैनल डिस्क्शन में कही गई। पाइट कॉलेज में कामधेनु अनुसंधान ट्रस्ट ने यह प्रेरित पहल की।

गो सेवा गतिविधि के प्रांत संयोजक महेंद्र कंसल एवं मुख्यल से पधारे राष्ट्र संत स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने गाय का महत्व बताया। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल ने कहा कि कामधेनु अनुसंधान ट्रस्ट के माध्यम से स्टार्टअप शुरू करने की योजना है।

छात्र-छात्राएं एवं ट्रस्ट के सदस्य आसपास की गोशालाओं के लिए काम करेंगे। महेंद्र कंसल ने कहा कि गाय हमारी पूजनीय है। हम गाय को माता का दर्जा देते हैं। जब तक हमारी सोच में बदलाव नहीं होगा, तब तक हम गोसुरक्षा नहीं कर पाएंगे। गोशालाओं को भी

आर्थिक रूप से विकसित करना होगा। स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सेवा भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ.यशदेव त्यागी, पानीपत सीए ब्रांच के पूर्व चेयरमैन जगदीश धमीजा, राजकीय स्कूल के प्रिंसिपल जयदीप, मुकेश कुमार, देवेंद्र दत्ता, अजय गर्ग, एप्लाइड साइंस विभाग की अध्यक्ष डॉ.विनय खत्री, बीबीए विभाग के अध्यक्ष डॉ.रोहित गर्ग, फार्मेसी विभाग से प्रिंसिपल डॉ.गौरव, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के अध्यक्ष डॉ.दिनेश वर्मा भी मौजूद रहे।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 04.11.2025

गाय संस्कृति का आधार : स्वामी दयानंद

समालखा (वि.)। पाइट कॉलेज कामधेनु अनुसंधान ट्रस्ट की ओर से सोमवार को अनुसंधान से समृद्धि विषय पर आयोजित पैनल डिस्क्शन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर गो सेवा गतिविधि के प्रांत संयोजक महेंद्र कंसल एवं मुरथल से पधारे राष्ट्र संत स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और लोगो को गाय का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में पहली रोटी गाय के लिए निकालने की परंपरा है। अपनी सोच को भी गाय के लिए पहले ही रखें। गाय हमारी संस्कृति का आधार है।

पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल ने कहा कि कामधेनु अनुसंधान ट्रस्ट के माध्यम से स्टार्टअप शुरू करने की योजना है। इसमें छात्र-छात्राएं एवं ट्रस्ट के सदस्य आसपास की गोशालाओं के लिए काम करेंगे।

दैनिक भास्कर पानीपत भास्कर 04-11-2025

पाइट कॉलेज में गोरक्षा के लिए पैनल डिस्कशन

भास्कर न्यूज | समालखा

गाय के लिए हमारी संस्कृति में पहली रोटी निकालने की परंपरा है। इसके साथ ही अपनी सोच को भी गाय के लिए पहले ही रखें। गाय हमारी संस्कृति का आधार है। यह बात सेवा से अनुसंधान, अनुसंधान से समृद्धि विषय पर आयोजित पैनल डिस्कशन में कही गई। पाइट कॉलेज में कामधेनु अनुसंधान ट्रस्ट ने यह प्रेरित पहल की। गो सेवा गतिविधि के प्रांत संयोजक महेंद्र कंसल एवं मुरथल से पधारे राष्ट्र संत स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने गाय का महत्व बताया। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल ने कहा कि छात्र-छात्राएं एवं ट्रस्ट के सदस्य आसपास की गोशालाओं के लिए काम करेंगे।

OTHER 04.11.2025

हमारी संस्कृति में पहली रोटी गाय की निकालने की परंपरा : महेंद्र कंसल

पाइट में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सदस्य।

जागरण संवाददाता ● समालखा : गाय के प्रति हमारी संस्कृति में पहली रोटी निकालने की परंपरा है, जो दर्शाती है कि गाय हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। यह विचार गो सेवा गतिविधि के प्रांत संयोजक महेंद्र कंसल और मुरथल से आए राष्ट्र संत स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने पाइट कालेज में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस कार्यक्रम का आयोजन कामधेनु अनुसंधान ट्रस्ट द्वारा किया गया। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल ने बताया कि ट्रस्ट के माध्यम से स्टार्टअप शुरू करने की योजना है, जिसमें छात्र-छात्राएं और ट्रस्ट के सदस्य आसपास की गोशालाओं के लिए कार्य करेंगे। महेंद्र कंसल ने कहा कि गाय को माता का दर्जा दिया जाना चाहिए और जब तक हमारी सोच में बदलाव नहीं होगा, तब तक गो रक्षा संभव नहीं है।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 04.11.2025

पाइट में गोरक्षा के लिए पैनल डिस्क्शन,महेंद्र कंसल व स्वामी दयानंद सरस्वती ने किया प्रेरित

विनोद लाहोट/हरियाणा वार्ता

समालखा,3 नवम्बर। गाय के लिए हमारी संस्कृति में पहली रोटी निकालने की परंपरा है,क्योकि गाय हमारी संस्कृति का आधार है। यह बात सेवा से अनुसंधान, अनुसंधन से समृद्धि विषय पर आयोजित पैनल डिस्क्शन में कही गई। पाइट कॉलेज में कामधेनु अनुसंधान ट्रस्ट ने यह प्रेरित पहल की। गो सेवा गतिविधि के प्रांत संयोजक महेंद्र कंसल एवं मुरथल से पधारे राष्ट्र संत स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने गाय का महत्व बताया।

पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल ने कहा कि कामधेनु अनुसंधान ट्रस्ट के माध्यम से स्टार्टअप शुरू करने की योजना है। छात्र-छात्राएं एवं ट्रस्ट के सदस्य आसपास की गोशालाओं के लिए काम करेंगे।

महेंद्र कंसल ने कहा कि गाय हमारी पूजनीय है। हम गाय को माता का दर्जा देते हैं। जब तक हमारी सोच में बदलाव नहीं होगा, तब तक हम गोसुरक्षा नहीं कर पाएंगे। गोशालाओं को भी आर्थिक रूप से विकसित करना होगा। स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सेवा भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ.यशदेव त्यागी,पानीपत सीए ब्रांच के पूर्व चेयरमैन जगदीश धमीजा, राजकीय स्कूल के प्रिंसिपल जयदीप, मुकेश कुमार, देवेंद्र दत्ता, अजय गर्ग, एप्लाइड साइंस विभाग की अध्यक्ष डॉ.विनय खत्री, बीबीए विभाग के अध्यक्ष डॉ.रोहित गर्ग, फामेर्सी विभाग से प्रिंसिपल डॉ.गौरव, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के अध्यक्ष डॉ.दिनेश वर्मा भी मौजूद रहे।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 04.11.2025

'गाय हमारी संस्कृति का आधार'

पाइट कॉलेज में अतिथियों को सम्मानित किए जाने का दृश्य। (राकेश)

समालखा, 3 नवम्बर (राकेश): गाय के लिए हमारी संस्कृति में पहली रोटी निकालने की परंपरा है। इसके साथ ही अपनी सोच को भी गाय के लिए पहले ही रखें। गाय हमारी संस्कृति का आधार है। यह बात सेवा से अनुसंधान, अनुसंधन से समृद्धि विषय पर आयोजित पैनल डिस्कशन में कही गई। पाइट कॉलेज में कामधेनु अनुसंधान ट्रस्ट ने यह प्रेरित पहल की। गो सेवा गतिविधि के प्रांत संयोजक महेंद्र कंसल एवं मुरथल से पधारे राष्ट्र संत स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने गाय का महत्व बताया।

इस अवसर पर पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल ने कहा कि कामधेनु अनुसंधान ट्रस्ट के माध्यम से स्टार्टअप शुरू करने की योजना है। छात्र-छात्राएं एवं ट्रस्ट के सदस्य आसपास की गोशालाओं के लिए काम करेंगे। वही महेंद्र कंसल ने कहा कि गाय हमारी पूजनीय है। हम गाय को माता का दर्जा देते हैं। जब तक हमारी सोच में बदलाव नहीं होगा, तब तक हम गौ सुरक्षा नहीं कर पाएंगे। गोशालाओं को भी आर्थिक रूप से विकसित करना होगा। स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने भी अपने विचार रखे।

इस अवसर पर सेवा भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ.यशदेवत् यागी, पानीपत सी.ए. ब्रांच के पूर्व चेयरमैन जगदीश धमीजा, राजकीय स्कूल के प्रिंसिपल जयदीप, मुकेश कुमार, देवेंद्र दत्ता, अजय गर्ग, एप्लाइड साइंस विभाग की अध्यक्ष डॉ.विनय खत्री, बी.बी.ए. विभाग के अध्यक्ष डॉ.रोहित गर्ग, फार्मेसी विभाग से प्रिंसिपल डॉ. गौरव, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के अध्यक्ष डॉ.दिनेश वर्मा भी मौजूद रहे।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 01.11.2025

पाइट में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस, एआइ पर पढ़े गए शोधपत्र

टीम एक्शन इंडिया
समालखा (संजय नरवाल)

स्वदेशी रक्षा उपकरणों की वजह से भारत की विदेश पर निर्भरता घटी है। स्वदेशी तकनीक से भारत आत्मनिर्भर भी हो रहा है। एआइ की मदद से भारत की जीडीपी बढ़ेगी। आर्थिक रूप से विकास होगा। इसके साथ ही, एआइ से रोजगार घटेंगे नहीं, बल्कि बढ़ेंगे। यह बात पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी में कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एंड कंप्यूटिंग एप्लीकेशंस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में विशेषज्ञों ने कही। इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स दिल्ली सेक्शन का तकनीकी सहयोग रहा। डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एसके तोमर ने रक्षा अनुप्रयोगों के लिए स्वदेशी सेंसर विषय पर कहा कि देश की सुरक्षा में स्वदेशी तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि स्वदेशी सेंसर ऐसे उपकरण हैं जो रक्षा क्षेत्र में दुश्मन की गतिविधियों, हथियारों की पहचान, मिसाइल ट्रैकिंग, और निगरानी जैसे कार्यों के लिए देश में ही विकसित किए जा रहे हैं। तोमर ने कहा कि ये सेंसर भारतीय वैज्ञानिकों की मेहनत और तकनीकी क्षमता का उदाहरण हैं। भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इनके माध्यम से अब रक्षा क्षेत्र में विदेशी तकनीक पर निर्भरता घटेगी। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ का उद्देश्य आने वाले वर्षों में सभी रक्षा उपकरणों में स्वदेशी सेंसरों का उपयोग सुनिश्चित करना है। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से डीन डॉ.राकेश कुमार ने कहा कि रोबोटिक्स और ऑटोमेशन में करिअर की अपार संभावनाएं हैं।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 01.11.2025

स्वदेशी रक्षा उपकरण से विदेश पर निर्भरता घटी : एसके तोमर

समालखा(वि)। पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी में कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एंड कंप्यूटिंग एप्लीकेशंस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञों ने स्वदेशी रक्षा उपकरणों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि स्वदेशी तकनीक से भारत आत्मनिर्भर भी हो रहा है। इसके साथ ही एआइ से रोजगार घटेंगे नहीं, बल्कि बढ़ेंगे। इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स दिल्ली सेक्शन का तकनीकी सहयोग रहा। डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एसके तोमर ने कहा कि देश की सुरक्षा में स्वदेशी तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 01.11.2025

स्वदेशी रक्षा उपकरण से विदेश पर निर्भरता घटी : एसके तोमर

■ डीआरडीओ के विज्ञानी ने बताया भविष्य, एआइ पर पढ़े गए शोधपत्र

विनोद लाहोट/हरियाणा वार्ता

समालखा,31 अक्टूबर। स्वदेशी रक्षा उपकरणों की वजह से भारत की विदेश पर निर्भरता घटी है। स्वदेशी तकनीक से भारत आत्मनिर्भर भी हो रहा है। एआइ की मदद से भारत की जीडीपी बढ़ेगी। आर्थिक रूप से विकास होगा। इसके साथ ही, एआइ से रोजगार घटेंगे नहीं, बल्कि बढ़ेंगे।

यह बात पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी में कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एंड कंप्यूटिंग एप्लीकेशंस पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में विशेषज्ञों ने कही। इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स दिल्ली सेक्शन का तकनीकी सहयोग रहा।

डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एसके तोमर ने रक्षा अनुप्रयोगों के लिए स्वदेशी सेंसर विषय पर कहा कि देश की सुरक्षा में स्वदेशी तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि स्वदेशी सेंसर ऐसे उपकरण हैं जो रक्षा क्षेत्र में दुश्मन की गतिविधियों, हथियारों की पहचान, मिसाइल ट्रैकिंग, और निगरानी जैसे कार्यों के लिए देश में ही विकसित किए जा रहे हैं।

तोमर ने कहा कि ये सेंसर भारतीय वैज्ञानिकों की मेहनत और तकनीकी क्षमता का उदाहरण हैं। भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इनके माध्यम से अब रक्षा क्षेत्र में विदेशी तकनीक पर निर्भरता घटेगी। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ का उद्देश्य आने वाले वर्षों में सभी रक्षा उपकरणों में स्वदेशी सेंसरों का उपयोग सुनिश्चित करना है।

कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से डीन डॉ.राकेश कुमार ने कहा कि रोबोटिक्स और ऑटोमेशन में करिअर की अपार संभावनाएं हैं। स्वदेशी तकनीक पर काम करें, जिससे भारत विकसित और

आत्मनिर्भर होगा।

इस दौरान चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, डीन डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ.अरविंद सिंह, डॉ.एससी गुप्ता, डॉ.अंजू गांधी ने भी विचार रखे। कॉन्फ्रेंस में 18 राज्यों से 1826 शोधार्थियों ने भाग लिया। इसमें 40 सेशन चेयर्स, 21 रिपोर्टर्स और 145 पेपर प्रस्तुत किए गए।

OTHER 01.11.2025

एआई की मदद से भारत की जीडीपी बढ़ेगी : एस.के. तोमर

समालखा, 31 अक्तूबर (अशोक चुघ): स्वदेशी रक्षा उपकरणों की वजह से भारत की विदेश पर निर्भरता घटी है। स्वदेशी तकनीक से भारत आत्मनिर्भर भी हो रहा है। एआइ की मदद से भारत की जीडीपी बढ़ेगी। आर्थिक रूप से विकास होगा। इसके साथ ही, एआइ से रोजगार घटेंगे नहीं, बल्कि बढ़ेंगे। यह बात पाइट में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में विशेषज्ञों ने कही। इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स दिल्ली सेक्शन का तकनीकी सहयोग रहा। डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एसके तोमर ने रक्षा अनुप्रयोगों के लिए स्वदेशी सेंसर विषय पर कहा कि देश की सुरक्षा में स्वदेशी तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि स्वदेशी सेंसर ऐसे उपकरण हैं जो रक्षा क्षेत्र में दुश्मन की गतिविधियों, हथियारों की पहचान, मिसाइल ट्रैकिंग, और निगरानी जैसे कार्यों के लिए देश में ही विकसित किए जा रहे हैं। ये सेंसर भारतीय वैज्ञानिकों की मेहनत और तकनीकी क्षमता का उदाहरण हैं।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 01.11.2025

पानीपत हरिभूमि 11

भारत आत्मनिर्भरता की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा

समालखा। डीआरडीओ के विज्ञानी एसके तोमर को सम्मानित करते हुए शिक्षाविदगण।

- पाइट में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस, एआइ पर पढ़े गए शोधपत्र, स्वदेशी रक्षा उपकरणों से विदेश पर निर्भरता घटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

स्वदेशी रक्षा उपकरणों की वजह से भारत की विदेश पर निर्भरता घटी है। स्वदेशी तकनीक से भारत आत्मनिर्भर भी हो रहा है। एआइ की मदद से भारत की जीडीपी बढ़ेगी। आर्थिक रूप से विकास होगा। इसके साथ ही, एआइ से रोजगार घटेंगे नहीं, बल्कि बढ़ेंगे। यह बात पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी में कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एंड कंप्यूटिंग एप्लीकेशंस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में विशेषज्ञों ने कही। इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स दिल्ली सेक्शन का तकनीकी सहयोग रहा। डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एसके तोमर ने रक्षा अनुप्रयोगों के लिए स्वदेशी सेंसर विषय पर कहा कि देश की सुरक्षा में स्वदेशी तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि स्वदेशी सेंसर ऐसे उपकरण हैं जो रक्षा क्षेत्र में दुश्मन की गतिविधियों, हथियारों की पहचान, मिसाइल ट्रैकिंग, और निगरानी जैसे कार्यों के लिए देश में ही विकसित किए जा रहे हैं। वहीं, तोमर ने कहा कि ये सेंसर भारतीय वैज्ञानिकों की मेहनत और तकनीकी क्षमता का उदाहरण हैं।

ये मौजूद रहे

इस दौरान चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, डीन डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ.अरविंद सिंह, डॉ.एससी गुप्ता, डॉ.अंजू गांधी ने भी विचार रखे। कांफ्रेंस में 18 राज्यों से 1826 शोधार्थियों ने भाग लिया। इसमें 40 सेशन चेयर्स, 21 रिपोर्टर्स और 145 पेपर प्रस्तुत किए गए।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 31.10.2025

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

पाइट में अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रैंस, यूएसए और यूरोप से भी आए शोधपत्र

सवेरा न्यूज/रतन लाल

समालखा, 30 अक्तूबर : पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी में कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एंड कंप्यूटिंग एप्लीकेशंस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का शुभारंभ हुआ। जिसमें इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स दिल्ली सेक्शन का तकनीकी सहयोग रहा। पाइट के निदेशक डा.शक्ति कुमार ने कहा कि कॉन्फ्रेंस में 18 राज्यों से 1826 शोधार्थियों ने भाग लिया। इसमें 40 सेशन चेयर्स, 21 रिपोर्टर्स और 145 पेपर प्रस्तुत किए गए। कुल 562 रिसर्च पेपर प्राप्त हुए। समीक्षा प्रक्रिया में देश-विदेश के 1500 से अधिक अकादमिक और इंडस्ट्री विशेषज्ञों ने भाग लिया। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डा. शक्ति कुमार, डीन डा. बीबी शर्मा, सीएसई विभाग के अध्यक्ष डा.एससी गुप्ता मौजूद रहे।

पाइट में अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रैंस में यूएसए और यूरोप से आए शोधपत्र को पढ़ते हुए।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 31.10.2025

पाइट में जारी अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रैंस में यू.एस.ए. और यूरोप से भी आए शोधपत्र

पाइट कॉलेज में कॉन्फ्रैंस का शुभारंभ व अनावरण करते अतिथि। (राकेश)

समालखा, 30 अक्टूबर (राकेश) : पानीपत इंस् टीच्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक् नॉलॉजी में कंप् यूटेशनल इंटैलीजैंस एंड कंप् यूटिंग एप् लीकेशंस पर 2 दिवसीय अंतर्राष् ट्रीय कांफ्रैंस का शुभारंभ हुआ। इसमें इंस् टीच्यूट ऑफ इलैक्ट्रिकल एंड इलैक् ट्रॉनिक् स इंजीनियर्स दिल् ली सैक् शन का तकनीकी सहयोग रहा। इस अवसर पर पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने कहा कि कॉन्फ्रैंस में 18 राज्यों से 1826 शोधार्थियों ने भाग लिया। इसमें 40 सैशन चेयर्स, 21 रिपोर्टर्स और 145 पेपर प्रस् तुत किए गए। कुल 562 रिसर्च पेपर प्राप्त हुए। समीक्षा प्रक्रिया में देश-विदेश के 1500 से अधिक अकादमिक और इंडस्ट्री विशेषज्ञों ने भाग लिया। एमेजान, गूगल, फ्लोरिडा गल् फ कोस् ट यूनिवर्सिटी यूएसए, आयरलैंड सहित राष्ट्रीय और निजी विश्वविद्यालयों से भी शोध पत्र प्राप्त हुए हैं।

कांफ्रैंस अध्यक्ष डॉ.अंजू गांधी ने कहा कि यह सम्मेलन शोध और नवाचार की दिशा में एक बड़ा कदम है। युवा शोधकर्त्ताओं और विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान करता है। एन.एस.यू.टी. वैस्ट कैंपस से निदेशक डॉ.प्रेरणा, एन.आई.टी. कुरुक्षेत्र से डॉ.जितेंद्र छाबड़ा ने भी विचार व्यक्त किए। एमेजॉन से डाटा विश्लेषक राजेश सूरा ने ऑनलाइन भाग लेते हुए डाटा का महत्व बताया।

विभिन्न देशों के शोधार्थी ऑनलाइन भी शामिल हुए। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ. शक्ति कुमार, डीन डॉ. बी.बी.शर्मा, सी.एस.ई. विभाग के अध्यक्ष डॉ.एससी गुप्ता भी मौजूद रहे।

आज समाज
पानीपत, शुक्रवार, 31 अक्तूबर , 2025
03

पाइट में अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस, यूएसए और यूरोप से भी आए शोधपत्र

आज समाज नेटवर्क

समालखा। पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी में कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एंड कंप्यूटिंग एप्लीकेशंस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का शुभारंभ हुआ। इसमें इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स दिल?ली सेक्शन का तकनीकी सहयोग रहा। पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने कहा कि कॉन्फ्रेंस में 18 राज्यों से 1826 शोधार्थियों ने भाग लिया। इसमें 40 सेशन चेयर्स, 21 रिपोर्टर्स और 145 पेपर प्रस्तुत किए गए। कुल 562 रिसर्च पेपर प्राप्त हुए। समीक्षा प्रक्रिया में देश-विदेश के 1500 से अधिक अकादमिक और इंडस्ट्री विशेषज्ञों ने भाग लिया। एमेजान, गूगल, फ्लोरिडा गल?फ कोस्ट यूनिवर्सिटी यूएसए, आयरलैंड सहित राष्ट्रीय और निजी विश्वविद्यालयों से भी शोध पत्र प्राप्त हुए हैं। कांफ्रेंस अध्यक्ष डॉ.अंजू गांधी ने कहा कि यह सम्मेलन शोध और नवाचार की दिशा में एक बड़ा कदम है। युवा शोधकताओं और विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान करता है। एनएसयूटी वेस्ट कैंपस से निदेशक डॉ.प्रेरणा, एनआइटी कुरुक्षेत्र से डॉ.जितेंद्र छबड़ा ने भी विचार व्यक्त किए। एमेजॉन से डाटा विश?लेषक राजेश सूरा ने ऑनलाइन भाग लेते हुए डाटा का महत्व बताया। विभिन्न देशों के शोधार्थी ऑनलाइन भी शामिल हुए। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ. शक्ति कुमार, डीन डॉ. बीबी शर्मा, सीएसई विभाग के अध्यक्ष डॉ.एससी गुप?ता भी मौजूद रहे।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 31.10.2025

दैनिक ट्रिब्यून, चंडीगढ़

पाइट में अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस शुरू

समालखा, 30 अक्तूबर (निस)

पट्टीकल्याणा स्थित पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी (पाइट) में कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एंड कंप्यूटिंग एप्लीकेशंस पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का बृहस्पतिवार को शुभारंभ हुआ। इसमें इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स दिल्ली सेक्शन का तकनीकी सहयोग रहा। पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में 18 राज्यों से 1826 शोधार्थियों ने भाग लिया। इसमें 40 सेशन चेयर्स, 21 रिपोर्टर्स और 145 पेपर प्रस्तुत किए गए। कुल 562 रिसर्च पेपर प्राप्त हुए। समीक्षा प्रक्रिया में देश-विदेश के 1500 से अधिक अकादमिक और इंडस्ट्री विशेषज्ञों ने भाग लिया।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

सच कहूँ
epaper.sachkahoon.com
31 Oct 2025 - Page 13

पाइट में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ

● 18 राज्यों से 1826 शोधार्थियों ने लिया सम्मेलन में भाग: डॉ. शक्ति कुमार

समालखा (सच कहूँ न्यूज)। इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी (पाइट) में कंप्यूटेशनल इंटेलिजेंस एंड कंप्यूटिंग एप्लीकेशंस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ हुआ। इसमें इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स (आईईईई) दिल्ली सेक्शन का तकनीकी सहयोग रहा।

कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन पाइट के निदेशक डॉ. शक्ति कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि 18 राज्यों से 1826 शोधार्थियों ने भाग लिया। सम्मेलन में 145 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए तथा 40 सेशन चेयर्स और 21 रिपोर्टर्स ने संचालन किया। कुल 562 रिसर्च पेपर प्राप्त हुए जिनकी समीक्षा प्रक्रिया में देश-विदेश के 1500 से अधिक अकादमिक और इंडस्ट्री विशेषज्ञों ने योगदान दिया।

एमेजॉन, गूगल, फ्लोरिडा गल्फ कोस्ट यूनिवर्सिटी (यूएसए), आयरलैंड सहित विभिन्न अंतराष्ट्रीय संस्थानों व विश्वविद्यालयों से भी शोध पत्र प्रस्तुत हुए। कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष डॉ. अंजू गांधी ने कहा कि यह आयोजन शोध एवं नवाचार की दिशा में एक बड़ा कदम है और युवा शोधकताओं को एक साझा मंच प्रदान करता है।

एनएसयूटी वेस्ट कैंपस से निदेशक डॉ. प्रेरणा और एनआईटी कुरुक्षेत्र से डॉ. जितेंद्र छाबड़ा ने विचार साझा किए। एमेजॉन से डेटा विश्लेषक राजेश सूरा ने ऑनलाइन भाग लेकर डेटा के महत्त्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल सहित संस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 31.10.2025

पाइट में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

1826 शोधार्थी पहुंचे, यूएसए और यूरोप से भी आए शोध पत्र

समालखा | पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) में कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एंड कंप्यूटिंग एप्लीकेशंस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ हुआ। इसमें इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स दिल्ली सेक्शन का तकनीकी सहयोग रहा। पाइट के निदेशक डॉ. शक्ति कुमार ने कहा कि कॉन्फ्रेंस में 18 राज्यों से 1826 शोधार्थियों ने भाग लिया। इसमें 40 सेशन चेयर्स, 21 रिपोर्टर्स और 145 पेपर प्रस्तुत किए गए। कुल 562 रिसर्च पेपर प्राप्त हुए। समीक्षा प्रक्रिया में देश-विदेश के 1500 से अधिक अकादमिक और इंडस्ट्री विशेषज्ञों ने भाग लिया। एमेजॉन, गूगल, फ्लोरिडा गल्फ कोस्ट यूनिवर्सिटी यूएसए, आयरलैंड सहित राष्ट्रीय और निजी विश्वविद्यालयों से भी शोध पत्र प्राप्त हुए हैं। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ. शक्ति कुमार, डीन डॉ. बीबी शर्मा, सीएसई विभाग के अध्यक्ष डॉ. एससी गुप्ता भी मौजूद रहे।

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

OTHER 31.10.2025

पाइट में अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में विदेशी विद्वानों के शोधपत्र आए

समालखा। पाइट में विदेशों से आए शोध पत्रों का विमोचन करते हुए शिक्षाविद्गण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ समालखा

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी में कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एंड कंप्यूटिंग एप्लीकेशंस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का शुभारंभ हुआ। इसमें इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स दिल्ली सेक्शन का तकनीकी सहयोग रहा। वहीं, पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने कहा कि कॉन्फ्रेंस में 18 राज्यों से 1826 शोधार्थियों ने भाग लिया। इसमें 40 सेशन चेयर्स, 21 रिपोर्टर्स और 145 पेपर प्रस्तुत किए गए। कुल 562 रिसर्च पेपर प्राप्त हुए। समीक्षा प्रक्रिया में देश-विदेश के 1500 से अधिक अकादमिक और इंडस्ट्री विशेषज्ञों ने भाग लिया। वहीं, एमेजान, गूगल, फ्लोरिडा गल्फ कोस्ट यूनिवर्सिटी यूएसए, आयरलैंड सहित राष्ट्रीय और निजी विश्वविद्यालयों से भी शोध पत्र प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर कांफ्रेंस अध्यक्ष डॉ.अंजू गांधी, एनएसयूटी वेस्ट कैंपस से निदेशक डॉ.प्रेरणा, एनआइटी कुरुक्षेत्र से डॉ.जितेंद्र छाबड़ा ने भी विचार व्यक्त किए। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ. शक्ति कुमार, डीन डॉ. बीबी शर्मा, सीएसई विभाग के अध्यक्ष डॉ.एससी गुप्ता भी मौजूद रहे।

■ कॉन्फ्रेंस में 18 राज्यों से 1826 शोधार्थियों ने भाग लिया

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

